HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

S.B. Criminal Miscellaneous Bail Application No. 14835/2025

Seema W/o Bhawani @ Bhagwan Singh

----Petitioner

Versus

State of Rajasthan

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. D.K. Dixit, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Devi Singh, PP |

**HON'BLE MR. JUSTICE CHANDRA PRAKASH SHRIMALI**

**Order**

**14/11/2025**

प्रार्थीया/अभियुक्ता के विद्वान अभिभाषक तथा विद्वान लोक अभियोजक को सुना गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया।

प्रार्थीया/अभियुक्ता महिला है, घटना की रिपोर्ट में उसके द्वारा अन्य सहअभियुक्तगण के साथ मौके पर आना बताया गया है। प्रार्थीया/अभियुक्ता द्वारा विनिर्दिष्ट आपराधिक कृत्य किया गया हो, यह घटना की रिपोर्ट से स्पष्ट नहीं हो रहा है। संपूर्ण वस्तुस्थिति केस डायरी से ही स्पष्ट हो सकती है।

ऐसी स्थिति में विद्वान लोक अभियोजक को निर्देश दिया जाता है कि आगामी पेशी पर प्रकरण से संबंधित केस डायरी उपलब्ध रखें।

प्रकरण के तथ्यों व परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आदेश दिया जाता है कि प्रार्थीया/अभियुक्ता अनुसंधान अधिकारी के समक्ष दिनांक 25.11.2025 को उपस्थित होकर अनुसंधान में सहयोग करे। साथ ही अनुसंधान अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वे आगामी तारीख पेशी तक

प्रार्थीया/अभियुक्ता को वर्तमान प्रकरण में गिरफ्तार नही करें तथा आगामी पेशी पर प्रार्थीया/अभियुक्ता के अनुसंधान हेतु उपस्थित होने व किये गये अनुसंधान के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

प्रकरण दिनांक 28.11.2025 को पुनः सूचीबद्ध किया जावे।

(CHANDRA PRAKASH SHRIMALI),J

MANISH SAINI /235 (8)